देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर

प्रेस–विज्ञप्ति

इन्दौर, 22 दिसम्बर 2023। विश्वविद्यालय कार्यपरिषद् की बैठक आज नालंदा परिसर, में सम्पन्न हुई। बैठक में विश्वविद्यालय की मैंनेजमेंट अध्ययनशाला, शिक्षा अध्ययनशाला एवं भौतिकी अध्ययनशाला के नियमित पदों की नियुक्ति से संबंधित चयन समिति की अनुशंसा के लिफाफो को खोला गया और नए शिक्षकों की नियुक्ति को कार्यपरिषद् ने मान्य किया। इसके साथ ही आई.ई.टी., आय.एम.एस. एवं शिक्षा अध्ययनशाला में कार्यरत शिक्षकों को कैरियर एडवांसमेंट स्कीम के अंतर्गत पदोन्नती प्रदान की गई।

कार्यपरिषद् सदस्यों ने विश्वविद्यालय के लिए एक बस एवं एक एम्बुलेंस के क्रय करने के प्रस्ताव को सहमति प्रदान की। विद्यार्थियों की सुविधा हेतु वी.सी. हेल्पलाईन की स्थापना को कार्यपरिषद् ने स्वीकृति दी। निर्णय लिया गया कि दिनांक 12 जनवरी 2024 को युवा दिवस के अवसर पर आय.आय.पी.एस. परिसर में स्थापित स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा का अनावरण किया जायेगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के संदर्भ में डीएवीवी विजन–2030 के अंतर्गत महाविद्यालयों के प्रचार्यो के साथ एक कार्यशाला आयोजित की जायेगी जिसका संचालन कार्यपरिषद् सदस्य डॉ. ए.के. द्विवेदी एवं डॉ. प्रतोष बंसल (निदेशक, आईक्यूएसी सेल) मिलकर करेंगे। डॉ. ए.के. द्विवेदी ने प्रस्ताव दिया कि झाबुआ में सिकल सेल एनिमिया का एक केन्द्र खोला जाए जिसे कार्यपरिषद् ने मान्यता प्रदान की। कार्यपरिषद् सदस्यों ने सुझाव दिया कि विश्वविद्यालय की अध्ययनशालाओं में शिक्षकों द्वारा शोध पत्रों के प्रकाशन की जानकारी उन्हे उपलब्ध कराई जाए। कार्यपरिषद् सदस्य श्री ओम शर्मा ने कहा कि छात्र हित के विषय में व्यापक चर्चा होनी चाहिए, प्रवेश एवं परीक्षा परिणाम समय पर आना चाहिए।

विश्वविद्यालय में आयुष अध्ययनशाला की स्थापना हेतु नोडल अधिकारी के रूप में कार्य करने के लिए उपकुलसचिव सुश्री रचना ठाकुर के नाम पर कार्यपरिषद् सदस्यों ने सहमति दी एवं सलाहकार के रूप में डॉ. पी.एन. पाल चौधरी, भोपाल को नियुक्त किया जायेगा।

विश्वविद्यालय की परीक्षाओं हेतु उत्तरपुस्किाओं को क्रय करने के प्रस्ताव को कार्यपरिषद् ने सहमति दी। विश्वविद्यालय के आई.ई.टी. परिसर में विद्यार्थियों की सुविधा के लिए साँची स्मार्ट पार्लर स्थापित करने के प्रस्ताव को कार्यपरिषद् ने सहमति प्रदान की साथ ही सीयूईटी–2024 हेतु रू. 32 लाख के बजट को कार्यपरिषद् ने सहमति प्रदान की। स्वर्ण जयंती छात्रवृत्ति को 15 हजार रूपये से बढ़ाकर 25 हजार रूपये करने के प्रस्ताव को कार्यपरिषद् ने मान्य किया। स्कूल ऑफ बायोकेमेस्ट्री में आगामी शैक्षणिक वर्ष से एमएससी फूड साईंस एवं टेक्नालॉजी पाठ्यक्रम प्रारंभ किए जाने हेतु बजट में प्रावधान को कार्यपरिषद् ने सहमति प्रदान की। बैठक के अंत में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर में कुलपति के रूप में नियुक्त किए गए डॉ. राजेश वर्मा जी का माननीय कुलपति एवं कार्यपरिषद् सदस्यों ने शाल श्रीफल से सम्मान किया।

डॉ. चन्दन गुप्ता
मीडिया प्रभारी